प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 27.08.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री ने खेलो इंडिया डॉयलॉग में कहा– खेलों का उद्देश्य विकसित भारत के निर्माण के लिए युवा शक्ति को एकजुट करना है; झारखंड के युवाओं ने भी दिए सुझाव।
2. केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का देशवासियों से बड़ा आह्वान– बेटियों के सुरक्षित भविष्य के लिए मिलकर बाल विवाह मुक्त भारत के संकल्प को करें मजबूत।
3. एमएमडीआर कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी हेमंत सरकार, आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने वित्तीय गबन का आरोप लगाते हुए केंद्र से दी वार्ता की सलाह।
4. रांची नगर निगम की बड़ी पहल; नागरिक सुविधाओं का हुआ विकेंद्रीकरण, अब वार्ड और सर्किल काउंटरों पर ही मिलेंगी सेवाएं।
5. नेपाल की त्रासदी के बाद साहिबगंज में खतरे के निशान से 58 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है गंगा; कारगिल दियारा में भारी कटाव के बीच सुरक्षित स्थानों पर पलायन जारी।

**********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज खेलो इंडिया संवाद को संबोधित करते हुए देश का नया स्पोर्ट्स विज़न साझा किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि खेलों का उद्देश्य सिर्फ मेडल जीतने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विकसित भारत के निर्माण में देश की खेल क्षमता और युवा शक्ति को एकजुट करने का एक महाअभियान है।

राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस वर्चुअल संवाद में देश भर के अग्रणी एथलीट और पदक विजेताओं ने युवाओं से सीधे बातचीत की। झारखंड के भी महाविद्यालयों में इस लाइव संवाद का प्रसारण किया गया, जहां युवाओं ने विकसित भारत और 2036 ओलंपिक आकांक्षाओं पर क्यूआर कोड के माध्यम से अपने विचार और सुझाव साझा किए।

**********************

इधर, साहिबगंज महाविद्यालय को भी इस कार्यक्रम का मुख्य केंद्र बनाया गया था, जहां छात्र–छात्राओं ने प्रधानमंत्री का जीवंत प्रसारण सुना। इस अवसर पर साहिबगंज जिले में राज्य और राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर नाम रोशन करने वाले स्थानीय खिलाड़ियों को विशेष रूप से सम्मानित भी किया गया। मौके पर कुश्ती खिलाड़ी प्रिंस कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह संवाद खिलाड़ियों में नई ऊर्जा भरने वाला है और इससे ग्रामीण प्रतिभाओं को वैश्विक मंच मिलेगा।

**********************

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने देश को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प दोहराया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा किए एक संदेश में कहा कि बाल विवाह उन्मूलन हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता है।केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा कि इस कुप्रथा को समाप्त करना बेहद जरूरी है, ताकि देश की हर बेटी सुरक्षित, शिक्षित और सशक्त भविष्य की ओर आगे बढ़ सके।

**********************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने स्पष्ट किया है कि केंद्र सरकार के संशोधित खान और खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम–एमएमडीआर के खिलाफ राज्य सरकार उच्चतम न्यायालय जाएगी। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सहमति के बाद इस संबंध में कानूनी मसौदा तैयार कर लिया गया है।

**********************

आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश महतो ने बोकारो में राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि खनन राजस्व का उपयोग विकास के बजाय चुनावी फायदे के लिए किया गया। उन्होंने एमएमडीआर कानून पर सुप्रीम कोर्ट जाने की बजाय केंद्र से वार्ता की सलाह दी और आरोप लगाया कि इस कानून से निजी माइनिंग हितों को नुकसान हो रहा है।

***********************

डुमरी विधायक जयराम महतो और थाना प्रभारी विवाद में छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो की एंट्री हो गई है। गिरिडीह में उन्होंने पुलिस एसोसिएशन के अल्टीमेटम पर कड़ा ऐतराज जताते हुए कहा कि निजी बातचीत रिकॉर्ड कर साझा करना गैरकानूनी है। उन्होंने चेतावनी दी कि पुलिस हड़ताल पर गई, तो वे भी आंदोलन करेंगे।

***********************

रांची के शहरवासियों को नगर निगम से जुड़े कामों के लिए अब मुख्यालय के चक्कर नहीं काटने होंगे। नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने घोषणा की है कि नागरिक सुविधाओं के विकेंद्रीकरण के तहत वार्ड और सर्किल स्तर पर काउंटर खोले जाएंगे, जिससे लोगों को घर के पास सेवाएं मिल सकेंगी।

***********************

नेपाल की बाढ़ और सीमावर्ती राज्यों में बढ़ते जलस्तर पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल को हर संभव राहत सामग्री देने का भरोसा दिया है। उन्होंने बताया कि गंडक, कोसी और गंगा के तटीय इलाकों में बढ़ते खतरे को देखते हुए राज्य सरकारें हाई अलर्ट पर हैं और केंद्र ने एनडीआरएफ की टीमें तैनात की हैं।

***********************

नेपाल की बाढ़ के बाद साहिबगंज में गंगा नदी खतरे के निशान से 58 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है, जिससे कारगिल दियारा में भारी कटाव शुरू हो गया है। प्रशासन लाउडस्पीकर से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील कर रहा है। सदर एसडीओ अमर जान आइंद ने बताया कि प्रभावितों और मवेशियों के लिए राहत केंद्र बनाकर भोजन व दवाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

***********************

घरेलू शेयर बाजार आज शुरुआती बढ़त गंवाकर गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है। ताजा जानकारी मिलने तक सेंसेक्स दो सौ अंक गिरकर सतहत्तर हजार दो सौ तिहत्तर पर आ गया, वहीं निफ्टी पचास अंक टूटकर चौबीस हजार एक सौ अट्ठावन पर पहुंच गया।

***********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 51 हजार 100 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत दो लाख 52 हजार रूपये प्रति किलो है।

***********************

मौसम विभाग ने राज्य में अगले पांच दिनों तक भारी बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। विशेष रूप से आज से उनतीस अगस्त तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में मूसलाधार बारिश के साथ भीषण थंडरस्टॉर्म यानी मेघ गर्जन और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है।

***********************